Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Tahir Shri Mohammad

an>

Title: Need to construct roads under Rural Development Schemes in Sultanpur district, Uttar Pradesh.– Laid.

श्री मो. ताहिर (सुल्तानपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर की ग्रामीण सड़कों तथा राट्रीय राज्य मार्गो को जोने वाली प्रमुख सड़कों की मरम्मत का कार्य कई वर्ो से नहीं किया गया है। केन्द्र द्वारा प्रत्येक वर्ा सड़क मार्ग योजना पर करोड़ों की निधि खर्च की जाती है लेकिन ग्रामीण सड़कों के निर्माण का कार्य पिछले कइ सालों से नहीं किया गया है। आज भी इस क्षेत्र की जो सड़के हैं, उनकी हालत जर्जर बनी हुयी हैं। केन्द्र द्वारा प्रधान मंत्री रोजगार योजना के तहत, ग्रामीण विकास के तहत सडकों का निर्माण किया जाता है, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया जाता है कि प्रत्येक जिले में प्रति वर्ा कुल कितने किलोमीटरक सडकों का निर्माण तथा मरम्मत किया जाना चाहिए। केन्द्र द्वारा इसके लिए भी योजना बनायी जाये तथा जिलावार सर्वे किया जाये। प्रत्येक वर्ा के दौरान अब तक कुल कितने कि0मी0 लम्बाइ की सड़कों का काय समयबद्ध पूरा किया गया है। जिला सुल्तानपुर एक बहुत बड़ा जिला है, इस क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाये जिससे प्रदेश के निवासियों को सुविधा प्राप्त हो।